# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


प्रेस विज्ञप्ति

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह एवं दीपावली उत्सव का उल्लासपूर्ण समारोह

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 को एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह मनाया गया तथा दीपावली के पावन पर्व का उल्लासपूर्ण उत्सव भी मनाया गया। इस सभा का संचालन कक्षा XI-E के छात्रों ने असेंबली इंचार्ज श्रीमती नैन्सी रोज़ी सिंह के मार्गदर्शन में किया।

प्रातःकालीन सभा की शुरुआत कमांडर आयुष किसलय के नेतृत्व में हुई। इसके बाद जैस्मिन बेक ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया तथा विद्यालय के कायर्स दल द्वारा मधुर स्वर में स्कूल सॉन्ग गाया गया।दिन का मुख्य आकर्षण विभिन्न अंतर-विद्यालयी एवं अंतर-गृह प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह रहा।दैनिक जागरण द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल मेगा डांडिया प्रतियोगिता 2025 में विद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और ट्रॉफी व प्रमाणपत्र अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएँ थे - अमायरा बाड्ट्रा, इशिका हर्ष, सगुन कुमारी, आकृति कुमारी, इंशु शर्मा, अक्षरा सिंह, अंश तिवारी, कनिष्ठा कुमारी, अंशिका झा, समृद्धि झंडई एवं अनुश्री एंजेल।

इसके अतिरिक्त, झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (JHMUN) प्रतियोगिता, जो 11 एवं 12 अक्टूबर 2025 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई थी, में भी विद्यालय ने गौरवपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त कीं।कक्षा XI-C1 के प्रत्युष झा ने इंडियन प्रीमियर लीग कमिटी में बेस्ट डेलिगेट अवार्ड प्राप्त किया तथा उन्हें ₹5000 नकद पुरस्कार, प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया।वहीं XI-E के मोहम्मद अदनान को UNGA कमिटी में बेस्ट वर्बल मेंशन अवार्ड मिला और उन्हें ₹2000 नकद पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। इन विजेताओं का छात्रों और शिक्षकों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया।

इसी क्रम में अंतर-गृह हिंदी कविता पाठ, हिंदी वाद-विवाद और अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कुल 19 छात्र हिंदी कविता पाठ, 10 छात्र हिंदी वाद-विवाद तथा 9 छात्र अंग्रेज़ी वाद-विवाद प्रतियोगिता में शामिल हुए थे।

शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता एवं जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा द्वारा प्रमाणपत्र वितरण किया गया। उन्होंने छात्रों के आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और उत्साह की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इसके बाद राज्य स्तरीय गीता पाठ प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। सूरज कुमार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ₹1000 नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी जीती और राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुए। सपर्श जना और अर्श भारद्वाज को सांत्वना पुरस्कार मिला, जिसमें ₹200 नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई।

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर कंप्यूटर शिक्षिका सुश्री वंदना सिंह ने साइबर सुरक्षा पर एक ज्ञानवर्धक एवं रोचक भाषण दिया। उन्होंने छात्रों को ऑनलाइन सावधानी, डिजिटल अनुशासन और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटिका ने मनोरंजक ढंग से ऑनलाइन सुरक्षा का संदेश दिया, जिसे सभी ने सराहा।

इसके उपरांत दीपावली उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। खुशी कुमारी ने दीपावली के महत्व पर भाषण दिया, जबकि अरुणिमा बोस ने "अंधकार पर प्रकाश की विजय" पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। दीपावली पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर में उल्लास का वातावरण बना दिया।

शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा कक्षा XI-E के छात्रों की प्रभावशाली एवं संतुलित सभा प्रस्तुति की प्रशंसा की। उन्होंने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और छात्रों से अनुशासन, सत्यनिष्ठा और एकता के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ, जिससे विद्यालय परिसर में गौरव और देशभक्ति की भावना गूँज उठी।

यह दिवस उपलब्धियों, जागरूकता और उत्सव का सुंदर संगम बनकर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची के इतिहास में एक स्मरणीय अवसर के रूप में दर्ज हुआ।

# OXFORD PUBLIC SCHOOL

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


**Press Release**

# Oxford Public School Hosts Special Assembly to Felicitate Achievers and Celebrate National Cyber Security Awareness Month and Vibrant Diwali Celebration

Ranchi, October 16, 2025:

Oxford Public School, Ranchi, organised a Special Assembly on Thursday, 16th October 2025, to felicitate student achievers, observe National Cyber Security Awareness Month, and celebrate the festival of Diwali. The assembly was conducted by the students of Class XI-E under the guidance of Assembly In-charge Mrs. Nancy Rosy Singh.

The morning assembly began with the Commander, Aayush Kislay, leading the assembly, followed by the Morning Prayer by Jasmine Beck and the School Song which was rendered melodiously by the students' choir.

The highlight of the day was the felicitation of achievers in various inter-school and inter-house competitions. Students who represented the school in the Inter-School Mega Dandiya Competition 2025 organised by Dainik Jagran were specially appreciated. Oxford Public School secured the Third Position and received a trophy and certificate of participation. The participants were Amaira Batta, Ishika Harsh, Sagun Kumari, Aakriti Kumari, Inshu Sharma, Akshara Singh, Ansh Tiwari, Kanishtha Kumari, Anshika Jha, Samridhi Jhandai, and Anushri Angel.

Another proud achievement came from the Jharkhand Model United Nations (JHMUN) held at Sarala Birla Public School on 11th and 12th October 2025. Pratyush Jha of Class XI-C1 received the Best Delegate Award in the Indian Premier League Committee, earning a certificate, plaque, and a cash prize of ₹5000. Md. Adnan of XI-E won the Best Verbal Mention Award in the United Nations General Assembly (UNGA) Committee, receiving a certificate and a cash prize of ₹2000. Their accomplishments were warmly applauded by students and teachers alike.

Certificates were also distributed to participants of the Inter-House Hindi Recitation, Hindi Debate, and English Debate competitions. A total of 19 students from the Hindi Recitation, 10 students from the Hindi Debate, and 9 students from the English Debate Competition received certificates in recognition of their commendable participation and performance. The certificates were presented by Dr. Simi Mehta, Academic Director and Raj Kishore Sharma, Incharge Junior Wing who appreciated the students for their confidence, eloquence, and enthusiasm in showcasing their linguistic and oratory skills.

Adding to the celebration of success, the State-Level Gita Chanting Competition brought further laurels to the school. Suraj Kumar Singh achieved the First Position, earning a trophy and a cash prize of ₹1000, and was selected to represent Jharkhand at the national level. Sparsh Jana and Arsh Bhardwaj also made the school proud by securing consolation prizes, each receiving a trophy and a cash prize of ₹200.

Observing National Cyber Security Awareness Month, Computer Teacher Ms. Vandana Singh delivered an informative and engaging speech on cyber safety and responsible online behaviour. She emphasized the importance of safeguarding personal information, practising digital discipline, and remaining vigilant against cyber threats. This was followed by a special skit presented by students, which creatively illustrated real-life examples of online safety and reinforced the message through humour and awareness.

The festive spirit of Diwali then illuminated the campus. Khushi Kumari delivered a thoughtful speech on the significance of the festival, followed by a heartfelt poem recitation by Arunima Bose, symbolizing the triumph of light over darkness. A vibrant dance performance celebrating Diwali drew applause and filled the atmosphere with joy and enthusiasm.

Addressing the gathering, Dr. Simi Mehta, Academic Director, congratulated the achievers for their dedication and appreciated the efforts of the students for organizing a well-planned and meaningful assembly that seamlessly integrated achievement, awareness, and festivity. She extended warm Diwali greetings to all and encouraged students to celebrate responsibly while upholding the values of discipline, integrity, and unity within the school premises.

The assembly concluded with the singing of the National Anthem, as the campus resonated with pride and patriotism, marking a memorable day of accomplishment, awareness, and celebration at Oxford Public School, Ranchi.